an>

title: Regarding problems faced by farmers of Uttar Pradesh.

श्री छोटेलाल (राबर्ट्सगंज) : अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे किसानों की गंभीर समस्याओं पर बोलने का मौका दिया है, इसके लिए आपका आभारी हूं। उत्तर प्रदेश में लगातार दो-तीन वर्षों से कम वर्षा के कारण सूखा पड़ा है। इस कारण किसानों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उत्तर प्रदेश के किसानों को, खासकर जनपद सोनभद्र, जनपद चंदौली, मिर्जापुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र हैं। यहां किसानों को विशेष पैकेज दिया जाए और इनका सभी तरह का कर्ज माफ किया जाए। इसके साथ ही साथ उत्तर प्रदेश के सभी जिलों के किसानों का कर्ज माफ किया जाए तथा कर्ज वसूली रोकी जाए। कम ब्याज पर किसानों को रुपया देकर उनकी आर्थिक स्थिति को सुधारा जाए एवं किसानों को कृषि कार्य मनरेगा से जोड़ा जाए। किसानों को पचास प्रतिशत सब्सिडी पर डीजल दिया जाए। नगवां लिफ्ट और सोन लिफ्ट के द्वारा सभी नहरों को जोड़ कर हर खेत को पानी दिया जाए। बाढ़ सागर परियोजना को मधोपुर-चंद्रप्रभा नदी में जोड़ा जाय ताकि चकिया-चंदौली तक सभी किसानों को पानी मिल सके।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

श्री केशव प्रसाद मौर्य और

श्री रामचरित्र निषाद को श्री छोटेलाल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।